## संक्षिप्त

### रविन्द्र सिंह का तीरन्दाजी में चयन

**फुलेरा, (निसं)।** यूथ फेडरेशन के प्रमुख शूटर रविन्द्र सिंह राठौड का इण्डियन राउण्ड तीरन्दाजी मे राज्य स्तर पर चयन हुआ है। गौरतलब है कि शूटर राठौड का पाली जिला तीरन्दाजी संघ द्वारा सीनियर वर्ग में दितीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर पर चयन हुआ है। इसके चलते जयपुर में 28 और 29 सितम्बर को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे हिस्सा लेंगे। इसके अलावा राठौड़ समाज सेवा, निशानेबाजी के साथ खिलाडियों को प्रोत्साहित करने में लगे हुए है।



रविन्द्र सिंह

### हादसे में बाइक सवार दो की मौत

**दूदू, (निसं)।** जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दूदू से पडासोली के बीच ट्रोला की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। थाना निरीक्षक इंद्र प्रकाश यादव ने बताया कि दूदू से पडासोली की और जा रही बाइक पर दो युवक सवार थे पीछे से ट्रोले की टक्कर के बाद दोनों की मौत हो गई। मृतक धर्मेंद्र चौधरी उम्र 25 साल शेर सागर रामधन चौधरी उम्र 25 साल निवासी खेडिया के रहने वाले थे। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को दूदू मोर्चरी में रखवा दिया। बुधवार को बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक दूदू के पास स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी के लिए आवेदन कर वापसी घर की ओर जा रहे थे के दौरान यह हादसा हो गया। ट्रक को पुलिस ने हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**पावटा, (निसं)।** कस्बे के ग्राम टसकोला, भोनावास, कुनेड मोड से ग्राम कुनेड तक 2 किमी तक 80 लाख की लागत से सीसी रोड का निर्माण कार्य किया गया है। इसमें ठेकेदार द्वारा जमकर अनियमितता बरती गई है। बनने के कुछ दिनों बाद ही सीसी रोड में दरारें आने लगी है। गुणवत्ताविहिन निर्माण के चलते ग्रामीणों में आक्रोश है। सीसी रोड बनने के कुछ माह बाद ही रोड में जगह-जगह से दरार पडने लगी है। रोड में पानी तराई नहीं होने से रोड उखडने लगी है। इस प्रकार के गुणवत्ताहिन निर्माण कार्य से ग्रामीणों में आक्रोश है।

### खाद्य विभाग ने की कार्यवाही

**कोटपूतली, (निसं)।** जिला रसद अधिकारी संदीप माथुर, जिला कोटपूतली बहरोड द्वारा बताया गया कि खाद्य विभाग द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डरों के व्यवसायिक उपयोग को रोकने के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के तहत जिला कोटपूतली-बहरोड में घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यवसायिक उपयोग करने पर जोधपुर स्वीटस, कोटपूतली पर तीन घरेलू सिलेण्डर तथा राजस्थान स्वीटस, बानसूर रोड कोटपूतली पर तीन घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। रसद विभाग की टीम द्वारा जिला रसद अधिकारी संदीप माथुर के नेतृत्व में प्रवर्तन निरीक्षक विजयपाल यादव, अमित कुमार एवं विश्राम गुर्जर द्वारा कार्यवाही की गई। घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरूपयोग व अवैध रिफिलिंग इत्यादि के विरूद्ध आगे भी अभियान संचालित किया जायेगा।

### बालिकाओं ने बाजी मारी

**चाकसू, (निसं)।** 68वीं जिला स्तरीय आयु वर्ग 14 वर्ष कब्बड्डी प्रतियोगिता में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढुंसरी पोस्ट कादेडा तहसील चाकसू की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। गोरतलब है कि जयपुर जिले की ये एकमात्र सरकारी विद्यालय है जो इस मुकाम पर पहुंची है। इसका श्रेय शारीरिक शिक्षक रामलाल को जाता है जिन्होंने इन बालिकाओं को कठिन अभ्यास करा इस काबिल बनाया। वही गांव में पहुंचने पर इन छात्राओं व शिक्षक का गांव वालों की तरफ से स्वागत किया गया।

### शिक्षकों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**मालपुरा, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेशव्यापी आव्हान पर संगठन की मालपुरा शाखा की और से बुधवार को केन्द्र सरकार द्वारा लाई गई युपीएस पेंशन योजना के विरोध मे प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम के निजी सहायक को ज्ञापन सौंपा।

# राजस्थान मर्दों का प्रदेश, भाजपा सरकार भजन-कीर्तन वाली कंपनी है : धारीवाल

■ दिवंगत विधायक जुबेर खान के आवास पर धारीवाल ने मीडिया से बातचीत में भाजपा सरकार पर निशाना साधा



कोटा उत्तर विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री शांतिलाल धारीवाल मीडिया से रूबरू हुए।

**अलवर, (निसं)।** कोटा उत्तर विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री शांतिलाल धारीवाल एक बार फिर अपने बयान से चर्चा में आ गये हैं। अलवर में मीडिया ने धारीवाल के राजस्थान मर्दों का प्रदेश बयान को लेकर धारीवाल से सवाल पूछा तो उन्होंने कहा मैं तो आज भी कहता हूं कि राजस्थान मर्दों का प्रदेश है। इसमें क्या है...यहां बडे-बडे सूरमा पैदा हुए हैं। मर्दों का प्रदेश नहीं कहूं तो क्या कहूं। बीजेपी के नेता मुझसे क्या कहलवाना चाहते हैं। उन्होंने भजनलाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ये भजन-कीर्तन करने वाली कंपनी है।

जानकारी अनुसार पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी और धारीवाल बुधवार को दिवंगत रामगढ़ विधायक जुबेर खान के निधन पर श्रद्धांजलि देने आए थे। इस दौरान जोशी ने कहा कि जुबेर खान वरिष्ठ नेता थे। अब वे राजनीति के शिखर की ओर पहुंच रहे थे। उसी समय हमारे बीच में नहीं रहे। इसका सबको दुख है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी और पूर्व कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल दिवंगत विधायक जुबेर खान के निधन पर श्रद्धांजलि देने उनके आवास पर पहुंचे थे।

धारीवाल ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा अलग विषय है। पिछले 8 महीने में प्रदेश की जनता ने देख लिया कि बीजेपी के राज में महिलाओं की कितनी सुरक्षा है। मीडिया ने पूछा कि कि बीजेपी नेता वसुंधरा राजे, राजेंद्र राठौड़ समेत अन्य नेताओं के पावर में नहीं होने से क्या समझ रहे हैं आप? इस पर धारीवाल ने कहा कि बीजेपी में पावर देने वाला कौन है। देने वाले की ही पावर कम हो गई। इस कारण पावर कहां से देंगे। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने जुबेर खान की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। जोशी ने कहा कि जुबेर खान कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने की सोच रखते थे। प्रदेश में 7 सीटों पर होने वाले उप चुनाव को लेकर धारीवाल ने कहा कि कांग्रेस तो अच्छी पॉजिशन में है। आगे 7 विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव होंगे। देख लेना कांग्रेस तो बहुत मजबूत है। मौजूदा बीजेपी सरकार के पास करने को कुछ नहीं है। इनके पास न कोई विजन है और न कोई प्लान है। ये भजन कीर्तन करने वाली कंपनी है।

मीडिया ने सवाल पूछा कि बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के कहने के बाद प्रदेश में बडे स्तर पर तबादले किए गए। इस पर धारीवाल बोले कि मदन राठौड़ तो प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनको क्या लेना देना इन बातों से। सरकार का कोई प्रतिनिधि कहे तो बात है।

## डेंगू की जांच के लिए मरीजों को उठाना पड़ रहा है आर्थिक भार

**देवली, (निसं)।** शहर के सरकारी चिकित्सालय में बुखार से पीडित मरीज की डेंगू की जांच नहीं होने से ओपीडी में आने वाले मरीजों को निजी लैबों की ओर रुख करना पड रहा है। इससे मरीजों को आर्थिक भार उठाना पड रहा है।

मौसमी बीमारियों के चलते डेंगू और मलेरिया का भय देखा जा रहा है। बुखार से पीडित मरीज में डेंगू मलेरिया होने की आशंका बनी रहती है। मरीज में इसका पता लगाने के लिए चिकित्सक डेंगू की जांच लिख रहे है लेकिन ओपीडी में आने वाले मरीज को यहां सरकारी चिकित्सालय में निशुल्क डेंगू जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है। पडोसी जिले के जहाजपुर चिकित्सालय और शकरगढ चिकित्सालय के ओपीडी में पहुंचने वाले मरीज की डेंगू की जांच हो रही है लेकिन यहां उक्त जांच के लिए पीडित को निजी लैबों पर जाना पड रहा है। संवाददाता ने चिकित्सा प्रभारी से सरकारी चिकित्सालय में डेंगू की जांच नहीं होने की बात पूछी तो चिकित्सालय प्रभारी ने बताया कि उनके पास डेंगू की जांच करने के लिए पर्याप्त बजट नहीं है वहीं कार्ड से डेंगू जांच में प्लेट्स रेट्स की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाती है। डेंगू की स्थिति का पूर्ण पता नहीं चल सकता है। ऐसे में डेंगू की जांच करने वाली एलिजा मशीन (इंस्ट्रूमेंट) यहां सरकारी चिकित्सालय की लेब में नहीं दिया हुआ है। इसके लिए संवाददाता ने टोंक जिले के सीएमएचओ डॉ अशोक यादव को उक्त मामले एवं हालातो की जानकारी दी। इस पर उक्त अधिकारी ने बताया था की देवली चिकित्सालय में कार्ड प्रक्रिया से डेंगू की जांच करनी चाहिए। चिकित्सालय में डेंगू की जांच क्यों नहीं की जा रही है। इस बारे में जानकारी लेनी पडेगी वहीं डेंगू की जांच के लिए देवली चिकित्सालय प्रशासन को पर्याप्त बजट प्राप्त है। इस पर देवली सरकारी चिकित्सालय के प्रभारी ने बताया कि ओपीडी में आने वाले मरीज की सीधे-सीधे डेंगू जांच नहीं की जा सकती। बुखार से पीडित मरीज की पहले सीबीसी जांच होगी, डेंगू के लक्षण दिखाई देंगे उसके बाद की प्रक्रिया बुधवार से शुरू होगी। मीडिया हस्तक्षेप के बाद बुधवार से सीबीसी जांच होने के बाद डेंगू की जांच करने का चिकित्सालय प्रभारी ने निर्णय लिया है।

## कलेक्टर ने जल भराव क्षेत्र की स्थिति का जायजा लेकर दिए निर्देश


■ तिजारा में एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण, उपखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली

**भिवाडी, (निसं)।** खैरथल-तिजारा जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने जिले के भिवाडी औद्योगिक क्षेत्र का दौरा कर जल भराव क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को मौके पर जल भराव स्थिति से निपटने के लिए दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर के भिवाडी दौरे के दौरान एडीएम अश्विन के पवार मुख्य कार्यकारी अधिकारी भिवाडी सलोनी खेमका सहित अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने राज्य में निवेश आकर्षित करने व निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला स्तर पर इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर होंडा सभागार में अधिकारियों एवं उद्योग इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और सुझाव लिए। कलेक्टर ने भिवाडी में इन्वेस्टमेंट समिट के आयोजन को लेकर औद्योगिक क्षेत्र एवं शहर के मुख्य मार्गों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण के लिए बीडा भिवाडी, रीको एवं नगर परिषद को निर्देशित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने औद्योगिक इकाइयों से आए प्रतिनिधियों से इन्वेस्टमेंट कार्यक्रम को लेकर सुझाव मांगे। इकाइयों से आए प्रतिनिधियों ने आयोजन को लेकर विभिन्न सुझाव रखे। बैठक में कलेक्टर ने राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को दी जा रही सुविधाओं एवं राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत संचालित योजनाओं की सामग्री तैयार कर प्रदर्शित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा की इन्वेस्टमेंट समिट से न केवल निवेश की वृद्धि होगी बल्कि राज्य के राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ रोजगार अवसरों में भी वृद्धि होगी। जिला कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र में आ रही समस्याओं के संबंध में औद्योगिक प्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाने के लिए कहा। बैठक के उपरांत जिला कलेक्टर जिला स्तरीय इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर चयनित होंडा औद्योगिक इकाई स्थल का निरीक्षण भी किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलोनी खेमका, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अश्विन के पंवार, उपखंड अधिकारी टपूकडा लाखन सिंह गुर्जर, वरिष्ठ प्रबंधक रीको यूनिट प्रथम ज्ञानेंद्र शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक रीको यूनिट आदित्य शर्मा, जीएमडीआईसी सुरजीत सिंह खोरिया, नगर परिषद आयुक्त राम किशोर मेहता, लीड बैंक ऑफिसर, सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि एवं औद्योगिक संगठनों के सदस्य मौजूद रहे।

इस दौरान कलेक्टर ने तिजारा एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण कर उपखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने कोर्ट केस पेंडेंसी की जानकारी ली।



अलवर जिला कलेक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला ने नगर वन, नटनी का बारां, कुशलगढ़ तिराहा, भर्तृहरि तिराहा,भर्तृहरि धाम आदि सरिस्का अभयारण्य क्षेत्र का निरीक्षण कर प्रस्तावित एलीवेटेड रोड व बजट घोषणा के तहत किये जाने वाले विकास कार्य हेतु मौका निरीक्षण किया। निरीक्षण कर वन, राजस्व व पर्यटन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा -निर्देश दिये। इसके अलावा जिला कलेक्टर ने नगर वन का निरीक्षण कर बेहतर रखरखाव के निर्देश दिये। उन्होंने नागरिकों से आव्हान किया कि नगर वन में प्रकृति के बीच भ्रमण हेतु आए, यहाँ 'व्यू पॉइंट' से शहर का बेहतरीन नजारे से रूबरू होवें।

## ग्रामीणों ने स्कूल गेट पर जड़ा ताला

**अलवर, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल रायबका उमरैण में ग्रामीणों ने बुधवार सुबह स्कूल पर ताला जड दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि टीचर की आपसी राजनीति में बच्चों का गलत इस्तेमाल किया गया। कुछ टीचर ने बालिकाओं से नमाज पढवा वीडियो बना लिया। इसके बाद विभाग के उच्च अधिकारियों को भेज दिया। इसके पीछे टीचर की राजनीति है, स्कूल व ग्रामीणों को बदनाम किया गया है। ग्रामीणों ने दोषी टीचर को हटाने की मांग की है।

ग्राम सेवा सहकारी समिति के सदस्य अयूब खान व जिला पार्षद आस मोहम्मद ने कहा कि टीचरों में आपस में राजनीति है। मार्च महीने में उपप्राचार्य व अन्य टीचर ने मिलकर कुछ छात्राओं से स्कूल में जबरन नमाज पढवाई, जिसका वीडियो बनाकर आगे भेज दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल में उप प्राचार्य धर्मराज, टीचर सरला रानी, कैलाश चंद और हरिदत्त वशिष्ठ राजनीति करने में लगे हैं। राजनीति के चक्कर में प्राचार्य सरफू खान पर कुछ टीचर ने आरोप लगाकर एपीओ करवा दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल में कभी राजनीति नहीं होती थी। कुछ टीचर भाईचारे को जानबूझकर खत्म करने में लगे हैं। इसके विरोध में स्कूल बंद करना पडा है। दोषी टीचरों को हटाया जाएगा। तब ही स्कूल खोला जाएगा। मामले की जानकारी पर उमरैण ब्लॉक के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी शिवचरण लाल यहां पहुंचे। उन्होंने कहा- निश्चित रूप से दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कई दिनों पहले का मामला है। नमाज पढने का वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो कैसे बना। यह जांच का विषय है। उसके बाद यहां के प्राचार्य को एपीओ कर दिया था। अब ग्रामीणों ने कई टीचर की शिकायत की है। उसके अनुसार जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# मुख्य चौराहे पर बने एलिवेटेड पुलिया में फिर से आई दरार

■ पुलिया से दो किलो वजनी चौकोर ब्लॉक गिरा नीचे, बड़ा हादसा टला



मौके पर पहुँचे एनएचएआई के साईड इंजीनियर सतीश कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल वेल्डिंग करके क्षतिग्रस्त ब्लॉक की रिपेयरिंग कर दी गई है।

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित शहर के मुख्य चौराहे पर बने एलिवेटेड पुलिया में एक बार फिर से दरार आ गई। पुलिया में लोहे के एक भारी ब्लॉक में से दो किलो वजनी एक चोकोर ब्लॉक नीचे गिर गया। इसी दौरान पुलिया के नीचे खडे लोग बाल-बाल बच गये। गनीमत यह रही कि जहां यह ब्लॉक गिरा वहां कोई मौजूद नहीं था।

क्योंकि पुलिया के नीचे फल-सब्जी के ठेले व बडी संख्या में लोग खडे रहते है। सूचना पर डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक व एसएचओ राजेश शर्मा ने मय जाप्ते के मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेते हुये घटनाक्रम से एनएचएआई के अधिकारियों को अवगत करवाया। बताया जा रहा है कि एलिवेटेड पुलिया में अचानक दरार आ गई। ऐसे में पुलिया में लगा लोहे का एक ब्लॉक नीचे गिर गया। लोहे का ब्लॉक गिरने से पुलिया के नीचे खडे लोगो में अफरा तफरी मच गई। हालांकि पुलिस ने पुलिया के नीचे से ठेलों को हटवाकर बेरीकेडिंग करवा दी है। जानकारी अनुसार वर्ष 2014 में पुलिया के निर्माण के लगभग एक वर्ष बाद ही उसमें दरार आ गई थी। जिसकी वजह से जून 2014 में यहाँ लगभग एक सप्ताह तक जाम की स्थिति बनी रही थी। वहीं विगत वर्ष भी पुलिया के क्षतिग्रस्त होने पर इसकी रिपेयरिंग करवाई गई थी। एनएचएआई की अनदेखी व लापरवाही के कारण आज फिर से पुलिया में दरार आ गई। पुलिया के नीचे फल सब्जी के ठेलों सहित अन्य बाजार सजा रहता है वहीं कई छोटी बडी गाडीयां खडी रहती है इतना ही नहीं उक्त पुलिया के नीचे ही दिल्ली-जयपुर व अलवर-सीकर जाने वाले यात्रियों की रोडवेज बसों सहित निजि बसे भी खडी रहती है।

वहीं बडी संख्या में लोग फल-सब्जी खरीदने के लिए आते है। उक्त पुल के नीचे लगे रेहडी, ठेलों, अस्थाई दुकानों व वाहनों से नगरपरिषद् प्रशासन के ठेकेदारों द्वारा वसूली भी की जाती है। अगर यहां कोई हादसा होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? वहीं मौके पर पहुँचे एनएचएआई के साईड इंजीनियर सतीश कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल वेल्डिंग करके क्षतिग्रस्त ब्लॉक की रिपेयरिंग कर दी गई है। खतरे की कोई स्थिति नहीं है। इस बाबत एनएचएआई को विस्तार से सूचना देकर स्थाई समाधान करवाया जायेगा।

## बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**फुलेरा, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शांतनू कुमार सिंह ने बताया कि वांछित व ईनाम आरोपीयों की धरपकड एवं विभिन्न प्रकरणों में फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) डॉ. हरिप्रसाद सोमानी के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी सांभरलेक सारिका खण्डेवाल के निर्देशन में थानाधिकारी बाबूलाल मीणा के नेतृत्व में पुलिस थाना फुलेरा द्वारा टीम गठित कर शादी का झांसा देकर युवती के साथ बलात्कार करने के आरोपी राहुल मीणा को बांदीकुई दौसा से किया गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि स्थानीय थाने पर 24 अगस्त को परिवादिया ने दर्ज करवाया कि मेरे साथ राहुल मीणा निवासी मावंती ने शादी का झांसा देते हुए एक होटल ले जाकर दो बार दुष्कर्म किया व किसी को बताने पर जाने से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया गया। इसके चलते आरोपी की तलाश शुरु की गयी। आरोपी राहुल मीणा पुत्र लोहडीराम मीणा उम्र 20 वर्ष निवासी भांवती थाना क्षेत्र कोलवा जिला दौसा अपने मशकन से रुपोश चल रहा था। इसके लिए पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुखबीर, आसूचना व साईबर सैल के भरसक प्रयासों से आरोपी राहुल मीणा को बांदीकुई से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया।

## सार-समाचार

### व्यापार महासंघ पदाधिकारियों का सम्मान



**सांभरझील, (निसं)।** यहां गोला बाजार में व्यापारियों के शिष्टमंडल ने नवनिर्वाचित सांभर व्यापार महासंघ पदाधिकारियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यकम की मुख्य भूमिका विष्णु कुमार सिंघानिया पूर्व पार्षद ने अदा की। पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण गोयल ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी को उनकी जीत पर शुभकामनाएं दी। संजय अग्रवाल, संजय आहूजा, ललित कपडे वाला व कन्हैया लाल सोढ़ी, विष्णु सिंघानिया ने व्यापार महासंघ अध्यक्ष विनोद कुमार गट्टानी, महासचिव बनवारी लाल सिंघानिया, उपाध्यक्ष देवकरण सैनी, कोषाध्यक्ष सुभाष माली के साफा बांध कर पुष्प हार पहनाया। इस मौके पर गट्टानी ने कहा कि व्यापारियों के हितों के लिए जो मैंने चुनाव जीतने से पहले वादे किए थे उसको पूरा निभाऊंगा। मैं व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करता रहूंगा और सदा उनके साथ खड़ा नजर आऊंगा। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया और जीत के लिए सभी व्यापारी मतदाताओं का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में गोला बाजार के अनेक व्यापारियों की भी मौजूदगी रही।

### रैली निकाल स्वच्छता का संदेश दिया

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे के अलवर सडक मार्ग पर स्थित श्रीमती हेमलता मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे पखवाडे में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्वंयसेविकाओं ने रैली निकाल लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। संस्था प्राचार्या कनकलता त्यागी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत यह पखवाडा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा इसके अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वंयसेविकाओं द्वारा प्रतिदिन अनेक गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। रैली का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करना, एसयुपी उपयोग नहीं करना व मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में लोगों को जागरूक कर समझाया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में सफाई की गई। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार, सुनीता यादव, अशोक यादव, संदीप स्वामी, प्रहलाद सैनी, तेजेंद्र पांचाल, राकेश सैनी आदि आदि स्टाफ व सदस्य उपस्थित रहे।

### क्षमायाचना कर क्षमावाणी पर्व मनाया

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** जैन समाज ने भादवा महिने में चल रहे दशलक्षण विधान के तहत धर्मोदय तीर्थ क्षेत्र गंभीरा में धर्मसागर महाराज की जन्म स्थली पर क्षमावाणी पर्व पर एक दूसरे से तन मन वचन कर्म से हुई गलतियों के लिए क्षमायाचना की।कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण, महिला मंडल पलाई, समिधि, बामनगांव सहित आसपास के जैन समाज बंधुओ ने भगवान पार्शवनाथ का अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन, क्षमावाणी पूजन, माला, आरती की। माला पहनने का सौभाग्य पारस मित्तल पलाई वाले को मिला। पंडित ऋषभ जैन शास्त्री फिरोजाबाद द्वारा समस्त विधि विधान सम्पन्न किया गया। जैन बंधुओं ने एक दूसरे से क्षमायाचना की। पूरा परिसर भगवान के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस दौरान अध्यक्ष पदम चंद जैन फुलेता वाले, उपाध्यक्ष पारस मित्तल पलाई, सहमंत्री सुरेंद्र कुमार जैन पलाई, सह कोषाध्यक्ष निर्मल पाटनी, निर्माण मंत्री प्रकाश चंद जैन बडजात्या नैनवां, जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा अखिलेश जैन बूंदी, सुशिला जैन समीधी, रिंकू जैन पलाई, महिला मंडल पलाई सहित आस पास के समाजबंधु मौजूद थे।

### तीन माह से फरार बदमाश गिरफ्तार

**मनोहरपुर, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण शांतनु कुमार सिंह द्वारा जिले में चलाये जा रहे वांछित/ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत राजेन्द्र कुमार पु.नि. थानाधिकारी द्वारा एक विशेष टीम राजेश कुमार सउनि राजेंद्र कुमार हेड कांस्टेबल, धारा सिंह कांस्टेबल, रतनलाल कांस्टेबल गठित कर कार्यवाही करते हुये 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राजेन्द्र यादव ने बताया की 15 जून 2024 को परिवादी कानाराम नाई पुत्र भैरुराम नाई उम्र 42 साल निवासी स्वामियो की ढाणी दुदी आमलोदा थाना मनोहरपुर जिला कोटपुतली बहरोड ने रिपोर्ट पेश की उन्होंने बताया कि दिनांक 15 जून 2024 को दोपहर 3 बजे मै व मेरी अपने घर पर सो रहे थे। अचानक हेमराज उर्फ हेमु पुत्र जीवाराम गुर्जर निवासी सुन्दरपुरा हमारे घर में घुस गया तथा मेरी साथ पैसे रुपयो की बात को लेकर झगडने लगा। हम दोनों की हाथापाई होने लगी उसी बीच मेरी बहिन हमे छुडाने के लिए आ गई। जिसको हेमराज गुर्जर ने बांस के डण्डे से दाहिनी आंख के पास जोर से मार दी। मेरी बहिन के खून निकलने लग गया एवं आंख पर गहरी सूजन आ गई। मेरे भी बाये हाथ पर चोट लगी है।जिसपर पुलिस वांछित मुलजिम हेमराज उर्फ हेमु पुत्र जीवाराम गुर्जर निवासी सुन्दरपुरा थाना मनोहरपुर जिला कोटपूतली बहरोड की तलाश हेतु टीम द्वारा आसूचना सकंलन व सायबर तकनिकी का सहयोग लेकर उक्त आरोपी हेमराज उर्फ हेमु को गिरफ्तार किया गया है।

### पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुण्डावरा में 2 सितम्बर को एक पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे उसकी हालात नाजुक बनी हुई है। पीडिता पुलिस थाने में पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने पहुंची तो पुलिस ने घटना के 15 दिन बीत जाने के बाद भी पीडिता का मुकदमा आज तक दर्ज नहीं किया। पीडित महिला सुमन देवी ने बताया कि 2 सितम्बर रात्रि को वह टीनशेड के नीचे अपनों बच्चो के साथ सो रही थी । पति मानसिंह जाट उसे जबरन कमरे में उठाकर ले गया और उस पर लाठियों से हमला कर दिया । इतना ही नहीं पत्नी सुमन देवी का मुंह कपडे से बांधकर उसे मारने की कोशिश की गई । जैसे तैसे पीड़ित महिला ने बच्चों से कमरे की कुण्डी खुलवाकर सुबह नारायणपुर पुलिस थाने रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची लेकिन थाने में सारे दिन बैठी रहने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीडित महिला सुमन देवी ने अब न्यायालय का दरवाजा खटखटाया हैं। न्यायालय ने नारायणपुर थानाधिकारी को पीडिता का मेडिकल कराने के लिए निर्देशित किया हैं । वही पीडिता कोटपुतली-बहरोड़ पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा से मिलकर आरोपी पति पर क़ानूनी कार्रवाई की मांग की हैं । इधर थानाधिकारी शिम्भूदयाल मीणा ने बताया कि हमारे पास ऐसी कोई महिला नहीं आई अगर आती तो जरुर मुक़दमा दर्ज किया जाता।

### बाइक चोरी का खुलासा, चोर गिरफ्तार

**पावट, (निसं)।** विराटनगर थाना पुलिस ने बाइक चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली है। वही पुलिस चोर से अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ करने में जुटीं है। विराटनगर थाना प्रभारी मनोहर लाल ने बताया कि परिवादी भोलाराम पुत्र जयराम निवासी छोटा कांकराणा ने मामला दर्ज करवाया था कि 13 सितबर 2024 को शाम करीब चार बजे वह अपने बेटे को दिखाने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विराटनगर आया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विराटनगर परिसर में अपनी बाइक खडी कर अंदर चला गया व वापस आया तो बाइक गायब मिली। जिसे अज्ञात चोर चुरा कर ले गए है। जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि विराटनगर थाना क्षेत्र में घटना की गंभीरता को मध्यनजर रखते हुए प्रकरण में अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली नेमसिंह के निर्देशन तथा वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन एवं उपनिरीक्षक थाना अधिकारी विराटनगर मनोहरहनलाल के नेतृत्व में टीम का गठन कर गठित पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में कार्रवाई करते हुए गहनता से तलाशी करते हुए घटना स्थल के आसपास में संभावित स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए तकनीकी प्रणाली की सहायता से अज्ञात बदमाश की तलाश करते हुए बाइक चोरी का पर्दाफाश करते हुए अभियुक्त हुक्म सिंह को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण का माल वाहन बाइक को बरामद किया गया। वही अभियुक्त को न्यायिक हिरासत मे भेजा गया।